## खबर संक्षेप

### सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा।** जनपद पंचायत अमरवाड़ा व नगरपालिका अमरवाड़ा के अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह/कल्याणी एवं दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन 4 मार्च 2025 मंगलवार को अनाज मण्डी प्रागंण अमरवाड़ा में प्रातः 9 बजे से सांसद छिन्दवाड़ा/पांढुर्णा श्री विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य एवं अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश शाह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय पुन्हार, जनपद पंचायत अध्यक्ष अमरवाड़ा श्री गणेश कंगाली, नगरपालिका अध्यक्ष अमरवाड़ा श्रीमती प्रीति नितिन तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लेखवती जंघेला व श्री चम्पालाल कुर्चे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अमरवाड़ा श्रीमती उर्मिला मसराम, नगरपालिका उपाध्यक्ष अमरवाड़ा श्री प्रकाश ठाकुर तथा सर्वश्री शेषराव यादव, टीकाराम चन्द्रवंशी, उत्तम सिंह ठाकुर, दीपक नेमा, नितिन तिवारी, योगेश यादव, विनोद चन्द्रवंशी, सचिन नेमा, सोनू सरसवार, शैलेन्द्र पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा।

### जिले के पात्र युवाओं से आवेदन की अपील

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईवाई) का दूसरा चरण वर्तमान में जारी है और इसके तहत अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। यह योजना 21 से 24 वर्ष की आयु के उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जो किसी सरकारी कर्मचारी के परिजन नहीं हैं और जिन्होंने अब तक किसी अन्य अप्रेंटिसशिप योजना का लाभ नहीं लिया है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत चयनित युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में से किसी एक में सशुल्क इंटर्नशिप और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह न केवल उनके कौशल को निखारेगा।

## सौंसर शिक्षा विभाग के अधिकारी बेलगाँव के स्कूल पर मेहरबान, शिक्षक पर एफआईआर की मांग

# बेलगाँव स्कूल में आदिवासी छात्र की शिक्षक ने कर दी पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



शिक्षा विभाग और प्रशासनिक स्तर पर बैठे हुए स्थानीय अधिकारियों का अब निजी स्कूल संचालक को डर समाप्त हो चुका है। अब निजी स्कूल संचालक अपनी मनमानी पर उतर आए है। ऐसा ही एक मामला सोमवार को नगर के नागपुर मार्ग पर बेलगांव में संचालित होने वाले स्कूल में देखने को मिला है जिसमें एक निजी स्कूल के शिक्षक द्वारा कक्षा पहली के छात्र की पिटाई की शिकायत करने पालक शिक्षा विभाग के कार्यालय पहुंचा और अधिकारियों को अपनी व्यथा सुनाई।

बावजूद इसके अब शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई करने में आनाकानी कर रहे हैं। सांवली निवासी पालक जयराम धुर्वे ने जो शिक्षा अधिकारी को बताया उसके अनुसार उसका पुत्र सृजल धुर्वे निजी शिक्षण संस्थान स्वामी विवेकानंद स्कूल बेलगांव में कक्षा पहली में अध्ययनरत है। स्कूल में तीन दिन पूर्व सृजल की कक्षा में शिक्षक द्वारा पिटाई की गई थी जिससे हाथ में सूजन आ गई है । जयराम ने बताया कि स्कूल में पूछने पर उल्टा जवाब दे रहे हैं। शिक्षा विभाग में भी शिकायत करने जाने पर कोई निराकरण नहीं हुआ। शिक्षा अधिकारी पालकों की नहीं स्कूल संचालकों की सुनते है। अक्सर देखने में आया है कि निजी स्कूलों में किसी प्रकार की घटना अनियमिताएं होने के बाद में पालकों के द्वारा सौसर शिक्षा विभाग में बैठे हुए अधिकारियों को शिकायत की जाती है। परंतु उल्टा शिक्षा विभाग में बैठे अधिकारियों के द्वारा स्कूल संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने के पालकों को ही सबूत आवेदन गवाह के लिए धमकाया जाता है। पीड़ित जयराम ने बताया कि पुत्र सृजल की शिक्षक द्वारा की गई पिटाई की पहले स्कूल में शिकायत की पर कुछ नही हुआ। इसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियो ने भी उसकी व्यथा को नही सुना। जयराम ने बताया कि वह पुलिस थाना भी गया लेकिन शिकायत नहीं ली है। इसके बाद उसने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की गई है। कहा जा रहा है कि स्कूल संचालक राजनेताओं का संरक्षण होने के चलते शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है।

### दर्ज होनी चाहिए स्कूल प्रबंधन व शिक्षक पर एफआईआर

मामले की जानकारी मिलने के बाद में जिला एनएसयूआई अध्यक्ष जिमी टाकभंवरे ने बताया इस स्कूल की इसके पूर्व भी कई बार पालकों के द्वारा शिकायतें की गई है। बावजूद इसके शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन के द्वारा स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की स्कूल प्रबंधन के साथ में मिली भगत है। छात्र सुजल के साथ जिस शिक्षक ने मारपीट की है उसके खिलाफ, एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज होनी चाहिए, साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा स्कूल प्रबंधन पर भी कार्रवाई करनी चाहिए।

### इनका कहना है

मेरे पुत्र सृजल की स्कूल शिक्षक द्वारा की गई पिटाई में ही हाथ में चोट आई है। शिकायत करने शिक्षा विभाग के कार्यालय में पहुंचा लेकिन अधिकारियो ने उसकी व्यथा नही सुनी गई है। स्कूल और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की शिकायत सीएम हेल्पलाइन और उच्च अधिकारियों को करूंगा।

**जयराम धुर्वे , पालक**

### 26 वाहनों से लिया 87 हजार 282 रूपये का जुर्माना



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग पर छोटे-बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गईं। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई । अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 26 वाहनों से 87282 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गईं कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।

## राजनेताओं में शुरू हुई जुबानी जंग, जिले से लेकर राजधानी तक मचा घमासान

**पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई के लिए की मांग, दोनों ही पार्टी के लोग अपने नेता के पक्ष में उतरे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा के कांग्रेसी विधायक पूर्व सीएम कमलनाथ और भारतीय जनता पार्टी के सांसद विवेक बंटी साहू के द्वारा की गई बयानबाजी और तीखे पलटवार से छिंदवाड़ा से लेकर राजधानी भोपाल तक घमासान मचा हुआ है। सोमवार को यह घमासान चरम सीमा पर देखने को मिला जहां पर कमलनाथ के वर्दी वाले बयान के बाद पलटवार करते हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि वर्दी गर्मी भी उतारती है। कांग्रेस के कार्यकाल में कानून व्यवस्था के क्या हाल थे सभी को पता है। सांसद ने कहा कि जनता ने आपको नकार दिया है और आप छिंदवाड़ा जिले की जनता को धमका रहे है। सांसद बंटी साहू के इस बयान के बाद सियासी भूचाल आ गया और सौंसर विधायक भी बेलगाम होते दिखे। उनके लाशों के ढेर वाले बयान से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नाराज होते नजर आए और उन पर एफआईआर की मांग कर डाली।

बहरहाल यह कहा जा सकता है कि दोनों ही पार्टी के नेताओं को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि छिंदवाड़ा का विकास किसी भी हाल में बाधित न हो। कांग्रेस ने अपना पक्ष रखते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी की है जहां उनका कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा जब बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और वर्दी की इज्जत करने की बात हर्रई टीआई से कही, क्योंकि लम्बे समय से हर्रई टीआई के द्वारा क्षेत्र के गरीब व पीड़ति आदिवासियों को प्रताड़ति किया जा रहा है। जब आदिवासी अपनी शिकायत लेकर पुलिस थाना तक पहुंचते हैं तो वहां उनकी शिकायत सुनने की बजाए टीआई के द्वारा उन्हें डराया व धमकाया जाता है। कमलनाथ ने आदिवासियों की सुरक्षा व उनके हितों को सुरक्षित रखने थाना प्रभारी को समझाइश दी तो छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद के द्वारा बयान दिया गया कि वे पुलिस से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की धुलाई कराएंगे। भाजपा सांसद की जुबान से गुंडागर्दी वाले शब्द अपराध को बढ़ावा देने वाले हैं। भाजपा सांसद के कुत्सित बयान के खिलाफ कांग्रेस ने सड़क पर उतकर उग्र प्रदर्शन कर पुलिस लाइन कंट्रोल रूम पहुंचकर ज्ञापन प्रस्तुत किया और भाजपा सांसद को खुले व संयमित शब्दों में चेताया कि भाषा की मर्यादा को ना लांघे। राजीव कांग्रेस भवन से रैली के रूप में निकले कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हाथों में कांग्रेस का झंडा लेकर भाजपा सरकार और भाजपा के सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस के द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अपराध रोकना व कानून व्यवस्था को स्थापित करना पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी है। पुलिस पूर्ण निष्ठा व निष्पक्षता के साथ अपना कर्तव्य पूरा करें ताकि जिले में कानून व्यवस्था व शांति का माहौल बना रहे।

कमलनाथ के बयान पर शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने तीखी टिप्पणी की थी और कमलनाथ के वर्दी वाले बयान पर आड़े हाथों लिया था। दोनों ही पार्टी की तरफ से जुबानी जंग चालू है। देखना यह है कि यह जुबानी जंग किस मुकाम तक जाती है। छिंदवाड़ा के विकास के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही महत्वपूर्ण है। विपक्ष पूर्णतः सत्ता पक्ष को घेरे में असफल ही रहा है। मुद्दों की राजनीति न कर व्यक्तिगत छींटाकशी ने छिंदवाड़ा की शांतिपूर्ण फिजा में जहर घोल दिया है।

### मदिरा दुकानों के ऑनलाईन ई-टेण्डर प्रपत्रों का विक्रय 4 मार्च से

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 अर्थात 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिये नवीनीकरण/लॉटरी से निष्पादन के अभाव में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले की सभी 117 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के पुनर्गठित कुल-09 एकल समूहों का वर्तमान वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर निर्धारित आरक्षित मूल्य पर मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक-47 दिनांक 14 फरवरी 2025 के अध्यधीन निष्पादन ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन किया जाना है। एम.पी. टेण्डर्स के पोर्टल पर ऑनलाईन ई-टेण्डर प्रपत्रों का विक्रय 04 मार्च 2025 से प्रारंभ होगा।

जिला आबकारी कार्यालय छिन्दवाड़ा से ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के लिये निर्धारित आवेदन पत्र एवं प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर, 08 मार्च 2025 को प्रातः 11:30 बजे तक आवेदन पत्र क्रय एवं जमा किये जा सकेंगे। जिसके लिये इच्छुक पात्र आवेदक (व्यक्तियों/फर्म/कम्पनी) को ई-आबकारी के पोर्टल पर ऑनलाईन कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है। कॉन्ट्रेक्टर रजिस्टर्ड इच्छुक पात्र आवेदक ही निष्पादन की कार्यवाही में भाग ले सकते है। वर्ष 2025-26 के लिये कम्पोजिट मदिरा दुकानों/एकल समूहों का ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) से संबंधित नियम एवं शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में सार्वजनिक अवकाशों सहित कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं।

### सांसद ने बूथ अध्यक्ष के घर बाईक में पहुँचकर किया श्रध्दा सुमन



**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने सोमवार को जुन्नारदेव प्रवास के दौरान ग्राम पुरैना खालसा में बाईक में सवार होकर बूथ ध्यक्ष स्वर्गीय रमेश भन्नारे के निवास स्थान पहुँचकर उन्हे श्रृध्दा सुमन अर्पित किए। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू को पता चला था कि विगत दिनों रमेश भन्नारे का निधन हो गया हैं। उनके घर तक पहुंचने के लिए कच्चा एवं छोटा रास्ता था। इस दौरान एक कार्यकर्ता की बाईक में वे सवार हुए और स्वर्गीय रमेश भन्नारे के घर पहुंच गये, जहां उन्होने स्वर्गीय रमेश भन्नारे के छाया चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करते हुए भगवान से प्रार्थना की कि वे स्वर्गीय भन्नारे की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करें। इस दौरान भन्नारे परिवार के सदस्यगण एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी व अन्य नागरिक उपस्थित थें।

## कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

**खिलाड़ियों का जनप्रतिनिधयों ने किया उत्साहवर्धन, बांटे पुरस्कार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम बेरडी में वीर बजरंग क्रीडा मंडल एवं व्यायाम शाला के तत्वावधान में कबडडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कबड्डी प्रतियोगिता में विधायक विजय रेवनाथ चौरे,कांग्रेस नेता भागवत महाजन, जिला कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी उद्योगपति राधेश्याम सुधा,कांग्रेस नेतासुभाष आमने, जनपद सदस्य गायत्री देवेन्द्र गायकवाड, सरपंच श्रीमती संगीता अरूण गावंढे, उपसरपंच बंडु गुर्वे, जिला युवक कांग्रेस से प्रभारी पंकज दातारकर,ब्लॉक युका अध्यक्ष राजा बोढे, जनपद सदस्य मारोती कारोकार रंगारी सरपंच नितेश ठाकरे की प्रमुख उपस्थिति में खिलाड़ियों के परिचय प्राप्त करते हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सौसर विधायक श्री चौरे ने कहा कि, कबडडी परंपरागत खेल है, कई दशकों से कबडडी का खेल खेला जा रहा है। इसके लाखो करोडों प्रशसंक है। सभी खिलाड़ियों ने इस कबड्डी प्रतियोगिता में खेल भावना का परिचय देते हुए कबड्डी खेलनी चाहिए। प्रतियोगिता मे सौसर के अलावा नागपुर, सावनेर, काटोल, वरूड की टीमों द्वारा भाग लिया है। आयोजन की सफलता के लिए राहुल गायकवाड, मनोज शिदे, हर्ष बंड, प्रणय रूघे, नयन कुरेकार प्रयासरत थे।

### डायबिटिज पर जरूरी जानकारी देने छिंदवाड़ा आएंगे मुंबई के डॉक्टर गाडगे



छिंदवाड़ा । आगामी 27 अप्रैल 2025 को शुगर की बीमारी और उसके नवीनतम इलाज पद्धति पर एक दिवसीय सेमीनार आयोजित किया जाएगा जिसे मुंबई के सुप्रसिद्ध डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप गाडगेजी संबोधित करेंगे व सदस्यों की शंकाओं का समाधान करेंगे । तदाशय की जानकारी देते हुए वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी ने बताया कि वे पिछले आठ वर्ष से डॉ. गाडगेजी के संपर्क में हैं और उनकी आधुनिक इलाज पद्धति और समझाइश से अत्यंत प्रभावित होकर, उनसे छिंदवाड़ा पधारकर एक सेमिनार के माध्यम से सदस्यों की डायबिटीज रोग के बारे में आधुनिकतम एवं विस्तृत जानकारी देने का अनुरोध करते रहे हैं । फलस्वरूप बमुश्किल आज डॉ. गाडगे जी ने उनके अनुरोध स्वीकार करते हुए आगामी 27 अप्रैल का एक दिन का समय दिया है । वे मुंबई से छिंदवाड़ा पधारकर डायबिटीज बीमारी पर व्याख्यान देंगे । वैश्य महासम्मेलन के सदस्यों ने नगर वासियों से प्रस्तावित सेमीनार का लाभ लेने की अपील की है ।

## शौचालय के दरवाजे चोरी, असामाजिक तत्व सार्वजनिक संपत्तियों को पहुंचा रहे नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम भमोड़ी में सामुदायिक शौचालय के दो दरवाजों को अज्ञात तत्वो द्वारा चुरा लिया गया है । इसके पहले आंगनवाड़ी तथा शासकीय शाला भवन के पानी सप्लाई पाइप सहित अन्य सामग्रियों को नुकसान पहुंचाया गया । बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक महिला , पुरूष यूरीनल को लगातार असमाजिक तत्व नुकसान पहुंचा रहे है । यहां पर वाश बेसिन तथा पाइप को कई बार तोड़ दिया गया है । आंगनवाड़ी की दो पानी सप्लाई की टंकियो को चोर उपर छत से उखाड़ कर ले गये । सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया , कि घटना की सूचना पुलिस को दी जाती है , लेकिन असमाजिक तत्वों द्वारा लगातार शासकीय संपत्तियो को नुकसान पहुंचाया जा रहा है । जिन स्थानों पर सरकारी संपत्तियो का नुकसान किया जा रहा है , वहां पर रात मे असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है । इन स्थानों पर शराब की खाली बोतले तथा आपत्तिजनक सामग्रियां पड़ी रहती है ।

## अधिकारियों के दलों ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**विशेष निगरानी में ली जा रही है जिले में दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 162 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी सतत मॉनीटरिंग कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है।

सोमवार को कक्षा 10वीं के अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 10वीं में 27359 दर्ज विद्यार्थियों में से 26561 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 798 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 15 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुये, जिसमें से 11 विद्यार्थियों के लिये राईटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान एक परीक्षा केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौंसर के (स्वाध्यायी परीक्षा केन्द्र) पर नकल प्रकरण पंजीबध्द हुआ।

जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिये विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये जाकर सभी 162 परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनीटरिंग की गई। परीक्षा में पारदर्शिता रखने एवं नकल की दुष्प्रवृत्ति को रोकने के लिये कलेक्टर श्री सिंह द्वारा स्थापित प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग व जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों के दलों द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 13 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 63 रही। जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के दलों द्वारा निरीक्षण किया गया।

### हैड मास्टर के सामने ही चढ़ गए छत पर, अनुशासन का नहीं हो रहा पालन

# मायावाड़ी स्कूल में छात्रों में नहीं दिख रहा शिक्षकों का खौफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



एक समय था , जब शिक्षक की आहट मिलते ही स्कूल की कक्षाओं में शांति छा जाति थी , अब छात्रों के सामने जीता जागता शिक्षक खड़ा हो या स्कूल का प्रधान पाठक , छात्रों को कोई फर्क नहीं पड़ता है । उन्हें जो करना है , वे वही करेंगे । ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत मायावाड़ी के एकीकृत माध्यमिक शाला में देखने को मिला।

यहां हैडमास्टर के सामने ही दो छात्र स्कूल की छत पर चढ़ गए । हालांकि हैड मास्टर ने उन्हें छत से उतरने को कहा । छात्रों की इस हिम्मत से साफ जाहिर है , कि उन पर और स्कूल के अन्य छात्रों पर शिक्षकों का कोई खौफ नहीं है ।गौरतलब है , कि मायावाड़ी की एकीकृत माध्यमिक शाला में 75 बच्चे अध्ययनरत हैं । जिन्हें शिक्षा देने , अनुशासन सिखाने के लिए हैड मास्टर सहित 5 शिक्षक स्कूल में पदस्थ हैं । इनमें दो महिला शिक्षक हैं , एक शिक्षक फिलहाल निलंबित है , एक अतिथि शिक्षक है । फिलहाल स्कूल के हैड मास्टर वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा पर केन्द्र अध्यक्ष की जिम्नेदारी भी है । हुआ यूं , कि सोमवार को कुछ मीडिया कर्मी मायावाड़ी पहुंचे थे । उन्होंने देखा , कि स्कूल के हैड मास्टर कहीं जाने के लिए अपनी बाईक पर स्कूल के बाहर खड़े थे ।

कुछ बच्चे अपनी कक्षाओं से बाहर इधर उधर घूम रहे थे , कुछ बच्चे कक्षाओं में शोरगुल कर रहे थे। बाहर खड़े बच्चों ने हैड मास्टर से कहा , कि उन्होंने उनके लिए स्कूल की छत पर पीपल की लकड़ियां इकट्ठी कर रखी है , जिन्हें निकालने के लिए वे फटाफट छत पर चढ़ गए । जब मीडिया कर्मियों के द्वारा इस पल को कैमरे में कैद किया जाने लगा तब मास्टर साहब को कुछ समझ आया और उन्होंने छात्रों को नीचे उतरने को कहा । भले ही बात सामान्य हो पर छात्र जहां से छत पर चढ़े वहां एक पाईप लगा है । उसी से लगकर वाटर शेड लगा है।

छात्र पाईप के सहारे चढ़े और उतरे भी , लेकिन देखने में आया , कि पाईप में चढ़ने और उतरने के दौरान वाटर शेड जो टीन से बना है , उस टीन का कोना पाईप से छत पर चढ़ने और उतरने के दौरान छात्रों के शरीर को टच हो रहा था । खतरा यह है , कि कभी हड़बड़ाहट में छात्र चढ़ या उतरे तो टीन से बड़ा नुकसान हो सकता है ।

## पेयजल योजनाएं एवं 7 उपस्वास्थ्य केंद्र की मिली सौगात, ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

# क्षेत्र में 7 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



इस आदिवासी अंचल जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में भाजपानीत सरकार के द्वारा लगभग 7 करोड रुपए की सौगात प्रदान की गई। इसमें से प्रमुख रूप से सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पालाचौरई मे रुपए 188.30 लाख रुपए की जलप्रदाय योजना का भूमि पूजन किया गया। इसके अतिरिक्त रुपए 65 लाख की लागत से यहां बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र एवं को आवास भवन का भी भूमिपूजन किया गया।

इस दौरान सांसद विवेक बंटी साहू के द्वारा अपने उद्बोधन में केंद्र की भाजपानीत मोदी सरकार के आम जनता के प्रति स्वास्थ्य एवं विशुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस आदिवासी अंचल की जनता को विशुद्ध पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं उपलब्धता सुनिश्चित करना भाजपा सरकार का प्रमुख ध्येय है। बहुत जल्द ही ग्राम पंचायत पालाचौरई की आम जनता के घर में इस पेंचवेली जल आवर्धन योजना के निर्माण पश्चात नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल घर-घर पहुंचेगा। इसके अलावा यहां उप स्वास्थ्य केंद्र के खुल जाने के बाद क्षेत्र की जनता के लिए उपचार सुविधा अधिक आसान हो जाएगी। सांसद विवेक बंटी साहू का कांग्रेस पर कटाक्ष- ग्राम पंचायत पालचौरई में आयोजित इस भूमि पूजन के कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद विवेक बंटी साहू ने कांग्रेस पर चुटिली चुटकी भी ली।

कांग्रेस के लगभग 60 वर्षों के लंबे कार्यकाल में इस आदिवासी अंचल की जमकर उपेक्षा की गई थी। यहां की जनता को उनके शासनकाल में पीने को विशुद्ध पेयजल मयस्सर नहीं था, तो वहीं दूसरी ओर चिकित्सा सुविधाओं की भी अनुपलब्धता रही। लेकिन अब आज के इस बदले परिवेश में मोदी सरकार के द्वारा आम जनता की स्वास्थ्य एवं पेयजल के प्रति जागरूकता का यह परिणाम है कि उनके घरों तक स्वास्थ्य सुविधाएं एवं पेयजल पहुंच रहा है।जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र की 7 ग्राम पंचायत में किया भूमि पूजन विवेक बंटी साहू के द्वारा इस आदिवासी विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव में लगभग 7 करोड रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इन सभी 7 ग्राम पंचायत में जल मिशन के माध्यम से आम जनता के घर विशुद्ध पेयजल की उपलब्धता एवं उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती, वरिष्ठ नेता राजू नरोट, महिला मोर्चा अध्यक्ष गरिमा दामोदर, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, जनपद अध्यक्ष सविता बोसम, जिला उपाध्यक्ष योगेश साहू, अखिलेश शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अमरदीप राय, अपील समिति सदस्य संजय जैन जनपद उपाध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी, शिवकुमार राय, मुकेश उईके, गौरव सिंह, सुनील पवार, पार्षद संजय जैन, सोनू यादव, विष्णु प्रसाद शर्मा, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक मनीष बंटी साहू, नितेश राजपूत, मोनू साहू, देवेंद्र टांडेकर, अनिल पाटिल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सुनील पवार, पार्षद संजय जैन, सोनू यादव, विष्णु प्रसाद शर्मा, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक मनीष बंटी साहू आदि मौजूद रहे।

# सांसद ने शान्तनु शुक्ला को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



राजपाल चौक छिन्दवाड़ा निवासी अधिवक्ता किशोर शुक्ला के पुत्र शान्तनु शुक्ला ने प्रथम प्रयास में ही दोहरी सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने (जेआरएफ) असिस्टेंट प्रोफेसर या जूनियर रिसर्च फेलोशिप अवार्ड के लिए तथा यूजीसी नेट में और एमपीसेट में सफलता अर्जित की है।

शान्तनु की सफलता पर सांसद बंटी विवेक साहू ने उन्हें शाबाशी देते हुए उनका सम्मान किया, और कहा कि शान्तनु ने यह सफलता हासिल कर छिन्दवाड़ा का नाम रोशन किया है। सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशा है कि होनहार बच्चों को और अधिक सुविधा उपलब्ध कराते हुए उनके हुनर को आगे आने का अवसर प्राप्त हो। इसी उद्देश्य से अब स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को बेसिक शिक्षा के साथ ही उच्च शिक्षा के लिए भी तैयार किया जा रहा है, ताकि वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ उच्च शिक्षा की भी तैयारी कर पाये। शान्तनु शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरूजनों को खास कर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संतोष साहू जी को दिया है।

# जिन किसानों के खेत डूबे उन्हें ही नहीं मिल पा रहा जलाशय का लाभ

### हर्रई के पापड़ा जलाशय का मामला, मजदूरी करके कर रहे गुजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



अमरवाड़ा अनु विभाग अंतर्गत हर्रई क्षेत्र के पापड़ा जलाशय को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पापड़ा जलाशय के निर्माण में जिन किसानों के खेत डूबे हैं उन्हें इस जलाशय का कोई भी लाभ नहीं मिल रहा है।

बजाय इसके वह मजदूरी करके गुजर बसर कर रहे हैं। सन 2012,13 में बने लगभग 40.764 हेक्टेयर क्षेत्रफल के जलाशय में 40 से अधिक किसानों की जमीन डूबी है। जिसमें साठिया की 28.50 हेक्टेयर और पापड़ा की 26.253 हेक्टेयर जमीन डूबी है। दो-चार किसानों को छोड़कर बाकी सब किसान मजदूरी करते हुए अपने और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। नियम के मुताबिक जलाशय निर्माण का लाभ भी समिति बनाकर उन ग्रामीणों को प्राथमिकता दी जाती है। जिनकी खेती डूब प्रभावित क्षेत्र से प्रभावित हुई है।

ऐसे में प्रशासन का प्रमुख उत्तरदायित्व बन जाता है कि जिन किसानों की खेती निर्माण के दौरान डूबी है। उन्हें बाकायदा इस जलाशय का लाभ मिले ऐसे प्रयोजन भी प्रशासन द्वारा किए जाने चाहिए।दूसरे ग्रामीणों के हस्तक्षेप से आ रही समस्या इस मामले में बताया जा रहा है कि एक समिति जो कि वर्तमान में जलाशय का लाभ ले रही है। वह राजढाना गांगुटोला से है। इसमें महज पापड़ा निवासी तीन से चार ऐसे किसानों को समिति में जोड़ लिया गया है। जिनकी खेती जलाशय निर्माण में डूबी है। बाकी सब ऐसे ग्रामीण है,जिनका जलाशय निर्माण से कोई वास्ता नहीं है।

वहीं दूसरी तरफ अपनी डूबी खेती से परेशान और जलाशय का लाभ लेने भटक रहे 30 से 35 ऐसे ग्रामीण है। जिन्हें लगभग 15 सालों के बाद भी इस जलाशय का लाभ नहीं मिला बजाय इसके उन्होंने अपनी खेती उस जलाशय निर्माण में डुबो दी। बरहाल देखना होगा खबर प्रकाशन के बाद संबंधित जिम्मेदार इस पर क्या अहम कदम उठाते हैं।

### आरोपी शिक्षक के विरुद्ध पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज, निलंबित

छिन्दवाड़ा। जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल डुड्डेवानी, संकुल नांदनवाड़ी, विकासखंड पांढुर्णा में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक श्री रामसिंह धुर्वे के विरुद्ध छात्रा के साथ छेड़छाड़ के गंभीर आरोपों के तहत पुलिस थाना मोहगांव, जिला पांढुर्णा में अपराध क्रमांक 19/2025 के अंतर्गत भा.दं.सं. की धारा 354, 354 (क), 509, 294 तथा पाक्सो अधिनियम, 2012 की धारा 7, 8, 9, 10 के तहत मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस प्रकरण में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग द्वारा श्री धुर्वे को तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित कर उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सौंसर नियत किया गया है। इसके अतिरिक्त, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सौंसर द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला वाघोड़ा के निरीक्षण में कक्षा दूसरी के छात्र को आवश्यक शैक्षणिक ज्ञान न होने पर सहायक शिक्षक श्री विठ्ठल आकोटकर से स्पष्टीकरण मांगा गया था, जो असंतोषजनक पाया गया। जांच में उनकी शैक्षणिक लापरवाही तथा झूठी जानकारी देने की पुष्टि होने पर उन्हें दंडस्वरूप आगामी दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई हैं।

# भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में विश्व श्रेष्ठ हीरक जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया में भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में संगीतालय भवन परासिया में विश्व श्रेष्ठ हीरक जयंती मनाई गई । हीरक जयंती समारोह में भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माड्ट एडवोकेट धनीराम बंजारे साहब (छत्तीसगढ़) की गरिमा में उपस्थिति रही ।

कार्यक्रम के शुरुआत में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा भगवान बुद्ध एवं बाबा साहब अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट धनीराम बंजारे , डॉ बी एल डेहरिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शशि अतुलकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ निलेश मेश्राम एवं मनोज डेहरिया (पत्रकार) और अतिथि के रूप में सुरेश डेहरिया , भीम डेहरिया (सिवनी) उपस्थित रहे । पूरे कार्यक्रम में मंच संचालन राजकुमार सूर्यवंशी और राजेंद्र साहू द्वारा किया गया । सभी उपस्थित वक्ताओं ने भारत के संविधान एवं बाबा साहब अंबेडकर जीवनी एवं उनके संघर्षों बारे में जानकारी बताई ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरि सिंह डेहरिया , प्रहलाद डेहरिया , लखन डेहरिया , बलदास डेहरिया ,एड देवेंद्र वर्मा , दिलीप मरकाम , हरिश्चंद्र प्रजापति ,राजू डेहरिया सहित सैकड़ों की संख्या में एससी एसटी एवं ओबीसी के लोग उपस्थित रहे ।

### एम.पी. ट्रांसको में आज मनाया जायेगा लाइनमैन दिवस

छिन्दवाड़ा। प्रत्येक मौसम की विषम से विषम परिस्थितियों और दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की 44 हजार सर्किट कि.मी. से अधिक की अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइनों एवं 416 अति उच्चदाब सबस्टेशनों से भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले पावर सेक्टर की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी.ट्रांसको) में 04 मार्च को लाइनमैन दिवस मनाया जायेगा। इसके अंतर्गत छिंदवाड़ा सहित एम.पी. ट्रांसको के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर लाइनमैनों को सम्मानित किया जायेगा एवं ट्रांसमिशन लाइन एवं सबस्टेशनों में जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य के साथ मेंटेनेंस कार्य करने के लिये सुरक्षा शपथ दिलायी जायेगी। छिंदवाड़ा में अधीक्षण अभियंता श्री सुनील यादव की उपस्थिति में यह कार्यक्रम होगा। मुख्यालय जबलपुर में ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी की उपस्थिति में लाइनमैनों को सम्मानित किया जाएगा।

### उप संचालक ने 14 पशुपालकों को चैफ कटर किया प्रदान

छिन्दवाड़ा। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग छिन्दवाड़ा डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार ने बताया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना (एन.एल.एम.) के अंतर्गत म.प्र. राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम भोपाल द्वारा जिले में कुल 41 पशुपालकों को पावर ड्रिवन चैफ कटर 1 एच.पी. पावर का प्रदाय किया जायेगा। योजना में पूर्व में 23 पशुपालकों को चैफ कटर वितरित किये जा चुके हैं। आज 14 पशुपालकों को चैफ कटर प्रदान किया गया। इस प्रकार 37 पशुपालक इस योजना से लांभावित किये जा चुके है तथा 04 पशुपालको को चैफ कटर प्रदाय करना शेष है। योजना के अंतर्गत 6000 रुपये की राशि केन्द्रांश एवं 6000 रुपये की राशि राज्यांश रखते हुए 10800 रुपये की राशि हितग्राही अंशदान रखते हुये चैफ कटर प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.पक्षवार द्वारा हितग्राहियों को चैफ कटर प्रदान किया गया। चैफ कटर प्राप्त होने से हितग्राहियों में हर्ष है।



### 1 से 29 मार्च तक क्रियान्वित होंगे एलटीटी और एनएसवी के कैम्प

बालाघाट। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डे ने परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में एलटीटी और एनएसवी के लिए कार्यक्रम जारी किया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 01 मार्च 29 मार्च एलटीटी और एनएसवी के कैम्प का का प्रारम्भ किया गया है। ये कैम्प जिला चिकित्सालय व जिले के सिविल अस्पतालों के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगाये जायेंगे। जिसके लिए डॉक्टर्स व प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बालाघाट जिला अस्पताल में 01, 08, 15, 22 और 29 मार्च को एलटीटी और एनएसवी के कैम्प आयोजित किये जायेंगे।

### महाकाल की गुलामी गीत से मिली पहचान, रात भर गूंजते रहे हर हर महादेव के जयकारे

# कोटेश्वर महोत्सव में भजन गायक किशन भगत ने दी शानदार प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज लांजी। कालों के काल बाबा महाकाल के दरबार लाँजी कोटेश्वर मंदिर में रविवार को प्रसिद्ध भजन गायक किशन भगत दर्शन करने पहुंचे, जहां उन्होंने कोटेश्वर मंदिर के गर्भ गृह मे प्रवेश कर बाबा कोटेश्वर के दर्शन किये। रविवार की देर रात लांजी के रानी अवंती बाई स्टेडियम पर चल रहे कोटेश्वर महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर भजन गायक किशन भगत ने बाबा महाकाल और प्रभु श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति दी। किशन भगत ने गणेश वंदना से भजनों की शुरुआत की। इसके बाद बाबा महाकाल के भजनों की प्रस्तुति दी। महाकाल की गुलामी, मुझको तो बस राम राज्य ही चाहिए, न कोई मैसेज न कोई काल, तूने जीना सिखाया भोलेनाथ जी, यहाँ हर गली में बसता शिवा है जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार कर्राहे के लाँजी नगर परिषद अध्यक्ष रेखा कालबेले, नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, कोटेश्वर मंदिर के सेवक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति उमरे, पूर्व सरपंच योगेश रामटेक्कर, भाजपा मंडल अध्यक्ष अलोक चौरसिया के साथ ही नगर परिषद के पार्षदगणों ने दीप प्रज्जवलित कर की कार्यक्रम की शुरुआत।

इस कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि लांजी की धरती पर भक्ति और संगीत का संगम अद्भुत रूप ले चुका है। किशन भगत की सुरमयी आवाज़ और भक्तों के जोश ने महाशिवरात्रि को ऐतिहासिक बना दिया।भक्ति जागरण को देखने के लिए दूर-दूर से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। वहीं आयोजक राजकुमार कर्राहे ने कहा, महादेव की असीम कृपा और क्षेत्रवासियो के अथाह प्रेम से यह आयोजन किया जा रहा है। जब तक मेरी सांसें सलामत हैं, शिव की महिमा का यह महोत्सव ऐसे ही चलता रहेगा।

कोटेश्वर महोत्सव कार्यक्रम के दौरान 3 मार्च को हुए सुप्रसिद्ध गायक कृष्ण भगत के कार्यक्रम के दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे ने समस्त श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम लांजी में भव्य कोटेश्वर महोत्सव आयोजन के चलते मध्य प्रदेश के मशहूर गायक किशन भगत ने अपने महाकाल गीतो व भजनों की भव्य प्रस्तुति देकर समस्त क्षेत्रवासियों को अपने भजन.गीतों से प्रसन्न कर दिया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को संपन्न कराने में लगे सभी जनप्रतिनिधियों और सम्माननीयजनों, पदाधिकारियों व समस्त क्षेत्रवासी का बहुत बहुत आभार।

# समाज एवं संस्था की वरिष्ठ शाखाओं के प्रति के पुनर्गठित शाखाएं जवाबदेह : डॉ.चरनदास ढेंगरे

### कल महाबोधी विहार बोधगया का संपूर्ण प्रबंधन बौद्धो को सौपने हेतु जिला शाखा सौंपेगी ज्ञापन




### दि बुद्धिस्ट सोसायटी लांजी के पुनर्गठन में प्रमोद कुमार भिमटे(प्राचार्य)अध्यक्ष, पी.आर.गजभिये महासचिव मनोनित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में शाखाओं का गठन, पुनर्गठन (निर्वाचन) कर संघठन में कार्यकर्ताओ,धम्म बंधुओं को शामिल कर धम्म संस्था के माध्यम से धम्म कार्य निरंतर गतिमान किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 2 मार्च को बालाघाट के तहसील लांजी मुख्यालय के बुद्धघोष बुद्ध विहार दखनीटोला में संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे के मुख्यातिथ्य में, खुशीयाल मेश्राम जिला उपाध्यक्ष की अध्यक्षता, राजकपुर कामडे प्रदेश सचिव कार्या.के प्रमुख आतिथ्य में विशेष अतिथी अशोक कुमार मेश्राम जिला सचिव से.नि. बैंक प्रबंधक बालाघाट, के.के.भालाधरे, धरम श्यामकुंवर-जिला सचिव, पी.डी. भालाधरे,आनंद वैधहैजिला संघठक इनके आतिथ्य में लांजी शाखा का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन कार्यक्रम सम्पन्न कराने में लांजी के पूर्व अध्यक्ष बी.आर.रामटेके एवं उनकी टीम द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया गया। वही सामूहिक वंदना पश्चात सभी अतिथियों को संस्था के उद्देश्य, पुनर्गठन प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। वही मुख्य अतिथि डा. ढेंगरे जी ने सबको संबोधित करते हुये बताया कि जो भी कार्यकारिणी बनेगी वह समाज एवं वरिष्ठ शाखा एवं वरिष्ठो के प्रति जवाबदेह होगी,वरिष्ठ शाखाओं के निर्देशन में धार्मिक कार्य करना,समाज के प्रत्येक व्यक्ति की समस्या सुनना, निराकरण करना, शाखा का दायित्व है। समाज में आडंबर, रूडीवाद दूर करना, समानता लाना, भाईचारा बढाना आदि कार्य प्रशिक्षण शिविरो के माध्यम से करना होगा। अंत में मुख्य अतिथि ने पूर्व शाखा को बरखास्त कर नवीन शाखा का पुनर्गठन हेतु सभी से सहमति पत्र आमंत्रित कर चयन कमेटी के माध्यम से नवीन शाखा की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष प्रमोद कुमार भिमटे(प्राचार्य),महासचिव पी.आर.गजभिये, उपाध्यक्ष आनंद रामटेके (सावरी), मोतीचरण खांडेकर, धर्मशीला मेश्राम,ईश्वर बंसोडे, सचिव प्रेमलाल रामटेके, दयाल रंगारे, आनंद राव रामटेके, संदीप कुमार बोरकर, पुष्पा बोरकर, रेखा बोमर्डे, महेश मेश्राम, सुनील वैध, कार्यालय सचिव बसंत रामटेके, लेखा परीक्षक विलास चौरे, संघठक मच्छलेश शेण्डे, मुकेश बोमर्डे, गिरीश गोस्वामी आदि की नियुक्ति की गई। नव नियुक्त अध्यक्ष भिमटे जी ने संघठन के संविधान अनुसार सभी को साथ लेकर धम्म संस्था के माध्यम से पूरे क्षेत्र में कार्य करने हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान लांजी शाखा द्वारा मुख्य अतिथि डा.चरनदास ढेंगरे को डाक्टरेट की मानक उपाधी मिलने पर अभिनंदन किया गया। लांजी के पूर्व अध्यक्ष बी.आर.रामटके, के.के.भालाधरे जिला सचिव, धाम श्याम कुंवर, पी.डी.भालाधरे, धर्मशीला मेश्राम अध्यक्ष महिला मंडल व विलास चौरे जी पूर्व नगर अध्यक्ष का विगत वर्षो से सराहनीय कार्य करने पर डॉ. ढेंगरे एवं प्रदेश तथा जिला शाखा द्वारा सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह लांजी शाखा के विभन्न ग्राम शाखाओं के अनुयायियों की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ।कल दिनांक,4 मार्च को महाबोधि विहार बोधगया को बौद्धों के सम्पूर्ण नियंत्रण में सौंपने हेतु मुख्यमंत्री बिहार शासन,राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री भारत सरकार को जिला शाखा द्वारा दोपहर 1 बजे ज्ञापन सौंपा जाएगा,जिसके लिए सभी शाखाओं के प्रमुख पदाधिकारी,आंबेडकर अनुयायियों से बालाघाट मुख्यालय के डॉ.आंबेडकर चौक पहुंचने की अपील जिला शाखा बालाघाट द्वारा की गई।

### एसडीआरएफ ने जनपद पंचायत में आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

# बाढ़ नियंत्रण और बचाव कार्य का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज कटंगी। मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बालाघाट के नेतृत्व में सोमवार को जनपद पंचायत कटंगी के सभागार में तहसील स्तरीय जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. दोपहर 03 बजे तहसीलदार सुरेश उपाध्याय, नायब तहसीलदार महेश सोलंकी, एसडीआरएफ प्लाटून कमांडेंट सत्यम सिंह धुर्वे की प्रमुख उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक सुरेन्द्र भगत, देवी प्रसाद तिवारी, परामर्शदाता अरविंद दरवड़े, अंजु डोंगरे, अवलेश पारधी सहित तमाम आंगनवाड़ी केंद्रों की आशा कार्यकर्ताएं-सहायिकाएं और एसडीआरएफ के जवान मौजूद रहे. प्रशिक्षण में भूकंप, आगजनी, बाढ़, ओलावृष्टि, भूस्खलन, संपदर्श, बादल फटने के दौरान के किस तरह से बचाव करना है इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई. नायब तहसीलदार ने बताया कि बाढ़ आने पर स्थानीय संसाधन जैसे प्लास्टिक की खाली बोतल, बांस के टुकड़े से बचाव के रास्ते बनाएं जा सकते है. वहीं उन्होंने घरों और दुकानों में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडर में आग लगने पर किस तरह से इसकी आग पर काबू पाया जा सकता है इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि घर में गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव होने पर घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि सतर्कता से काम करने की जरूरत है. नायब तहसीलदार ने कहा कि बाढ़ आने का संदेह हो, तो तुरंत ऊंचे स्थान पर जाएं. बहते पानी से दूर रहें. बिजली के उपकरणों से दूर रहें. अगर आप खतरे में हैं, तो तुरंत आपातकालीन सेवाओं को कॉल करें. बाढ़ के पानी में न जाएं. तहसीलदार ने कहा कि आपदा प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य जानमाल की रक्षा करना और संसाधनों की क्षति को रोकना है. इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आमजन को भी सतर्क रहने की जरूरत है. इस तरह के आयोजन से लोगों में जागरूकता आएगी. प्लाटून कमांडेंट सत्यम सिंह धुर्वे ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश भर में इस तरह के जागरूकता सह प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे है।

# जोड़ सड़क में अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ा डंपर

### डंपर चालक घायल जिला अस्पताल बालाघाट किया गया रेफर



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जोड़ सड़क से तिरोड़ी मुख्य सड़क मार्ग पर एक डंपर क्रमांक एमपी 22 एच 3345 अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया. गनीमत की बात यह रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है. सड़क दुर्घटना में डंपर के पलटने से चालक घायल हुआ है. वही परिचालक को भी मामूली चोट आई है. सड़क दुर्घटना सोमवार की सुबह तड़के करीब साढ़े 5 बजे के आसपास की बताई जा रही है. दुर्घटना के बाद घायल चालक अमित पिता जागेश्वर सराठे निवासी चुना भट्टी सिवनी को सरकारी अस्पताल कटंगी में उपचार के लिए लाकर भर्ती करवाया गया था. जहां चिकित्सक ने घायल का प्राथमिक उपचार किया. वहीं सुबह करीब साढ़े 11 बजे घायल को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किर गया था. परिजन घायल को अपने साथ सिवनी लेकर गए हैं. दोपहर साढ़े 3 बजे घायल चालक से दूरभाष पर चर्चा की गई जिसने बताया कि उसके पैर में चोट आई है. चालक ने यह भी बताया कि नींद की झपकी आने की वजह से डंपर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ कर पलट गया. वह रेत लेकर सिवनी की तरफ जा रहे थे. सड़क दुर्घटना के बाद शाम 4 बजे तक डंपर घटना स्थल पर ही पलटा हुआ था. वाहन को डिवाइडर से हटाने की कोई पुलिसिया कार्रवाई शुरू नहीं हुई थी. बता दें जोड़ सड़क से तिरोड़ी व्यस्ततम सड़क मार्ग है. इस सड़क मार्ग पर दिन भर छोटे-बड़े सभी तरह के वाहनों की आवाजाही होते रहती है. इस वाहन के पलटने से आवागमन प्रभावित हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय महाविद्यालय कुरई में मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय महाविद्यालय कुरई में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 03 मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस दिवस को मनाने का मकसद है पृथ्वी से विलुप्त से हो रहे जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों को बचाने का प्रयास करना। इस अवसर पर प्रो पंकज गहरवार ने कहा की आइये, इस अवसर पर जीव जंतुओं के प्रति अपराध रोकने एवं बचाने तथा प्रकृति के संरक्षण और मानव के कल्याण के लिये वातावरण बनाने का संकल्प लें। वन्य जीव दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न हुई। पोस्टर प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों में मोहिनी वंशकार, सुनैना विश्वकर्मा, राजकली भलावी शामिल रही।

### नेशनल लोक अदालत सफल आयोजन हेतु आयोजित हुई बैठक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चंद्र राय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में आयोजित की जाने वाली प्रथम नेशनल लोक अदालत दिनांक 08.03.2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु दिनांक 3.03.2025 को जिला न्यायालय सिवनी के वीडियो कॉफ्रेंसिंग हाल में जिला न्यायालय सिवनी के न्यायाधीशगण एवं वी.सी. के माध्यम से समस्त तहसील न्यायालय लखनादौन एवं केवलारी के न्यायाधीशगण के साथ बैठक आयोजित की गई।

# जिले में चल रहा नकली ऑटो पार्ट्स बेचने का कारोबार

## दो थानों की पुलिस ने छापा मारा, लगभग डेढ़ लाख से अधिक नकली सामान जप्त

**पुलिस अधीक्षक सुनीता मेहता द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों एवं नकली सामान बेचने वालों के विरुध्द कार्यवाही हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया था जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गुरुदत्त शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में नकली ऑटो पार्ट्स बेचने वाले दुकानदारों के विरुध्द कार्यवाही की गई।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

इसी क्रम में दिनांक 02/03/25 को शिकायतकर्ता अशोक लीलैंड लेपर्ड कम्पनी के व्दारा अधिकृत स्टाफ दिलीप कुमार पिता साहबलाल निवासी दिल्ली के व्दारा सूचना मिली कि थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत अशोक लीलैंड लिमिटेड कम्पनी के हुबहू असली दिखने वाले नकली प्रोडक्ट को अशोक लीलैंड कम्पनी के प्रोडक्ट बताकर कुछ दुकानदारों व्दारा पार्ट्स बेचे जा रहे है सूचना पर त्वरित कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी व्दारा पुलिस टीम बनाकर आटो पार्ट्स की दुकानों पर दबिश दी गई जहाँ से कम्पनी से अधिकृत टीम व्दारा कुछ सामान दुकानों से ढूंढ कर निकाला गया जो अधिकृत विशेषज्ञ दिलीप कुमार इन्वेस्टीगेटर ऑफिसर के व्दारा जांच करने पर नकली प्रमाणित किया गया, को मौके पर जप्त कर अपराध धारा सदर का पाये जाने से अपराध क्र. 136/25 धारा 51,63 कापीराइट एक्ट अधिनियम (संशोधित) 1957 का प्रकरण दर्ज किया गया।

नाम आरोपी - 1. हिमांशू ठाकुर पिता तेजसिंह ठाकुर उम्र 24 साल निवासी टैगोर वार्ड राजपूत कालोनी सिवनी 2. अब्दुल बाकी पिता अब्दुल वहीद उम्र 50 साल निवासी भगत सिंह वार्ड सिवनी 3. निलस गनवानी पिता दीपक गनवानी उम्र 27 साल निवासी गुरुव्दारा के पास सिवनी 4. शोहेल खान पिता मोहम्मद अलीम खान उम्र 40 साल निवासी शहीद वार्ड कटंगी रोड सिवनी जप्ती सामान - नकली ऑटो पार्ट्स कीमती लगभग डेढ़ लाख रूपये।

निरी. सतीश तिवारी, उ.नि. अशोक बघेल, स.उ.नि. जयदीप सेंगर एवं अशोक लीलैंड कम्पनी से अधिकृत दिलीप कुमार, विनोद तिवारी, गोपाल गौतम, दीपक कुमार राय एवं थाना कोतवाली सिवनी का स्टाफ।



इधर कोतवाली पुलिस सिवनी की कार्यवाही



डूंडा सिवनी पुलिस की कार्यवाही

## इधर ,डूंडासिवनी पुलिस ने नकली ऑटो पार्ट्स बेचने वाले के विरुद्ध की कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों एवं नकली सामान बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारी को आदेशित किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 02/03/2025 को शिकायतकर्ता अशोक लीलैंड लेपर्ड कंपनी के द्वारा अधिकृत स्टाफ दिलीप कुमार पिता साहब लाल निवासी 4E-S1 झंडेबालान दिल्ली के द्वारा सूचना मिली कि थाना डूंडा सिवनी क्षेत्र अंतर्गत अशोक लीलैंड लिमिटेड कंपनी के हु बहू असली दिखने वाले नकली प्रोडक्ट को अशोक लीलैंड कंपनी के प्रोडक्ट बता कर नगझर बाईपास में मालू कांम्प्लेक्स में स्थित रहमान मिस्त्री ऑटो पार्ट्स की दुकान पर बेचा जा रहा है।

सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती

### आरोपी के विरुद्ध कॉपीराइट एक्ट का प्रकरण दर्ज

पूजा पांडे के मार्गदर्शन में निरीक्षक किशोर बामनकर द्वारा पुलिस स्टाफ भेज कर रहमान मिस्त्री ऑटो पार्ट्स की दुकान में दबिस दी गई जहां आरोपी शेख रहमान की दुकान पर 13 नग डीजल मेन फ्यूल फिल्टर, 12 नग फ्री फ्यूल फिल्टर एलिमेंट, 21नग फ्यूल स्टीनर , 02 नग फैन बेल्ट, 05 नग डीजल टैंक कैप, 02 नग क्लच प्लेट, 03 नग एयर फिल्टर जो अशोक लीलैंड कंपनी के अधिकृत विशेषज्ञ दिलीप कुमार इन्वेस्टीगेटर ऑफिसर के द्वारा जांच करने पर नकली प्रमाणित किया गया, को मौके पर जप्त कर अपराध धारा सदर का पाए जाने से अपराध क्रमांक 96/2025 धारा 51,63 कॉपीराइट अधिनियम (संशोधित) 1957 का प्रकरण दर्ज किया गया। नाम आरोपी शेख रहमान पिता स्वर्गीय शेख अब्बास निवासी कबाड़ी मोहल्ला गुरु नानक वार्ड थाना कोतवाली जिला सिवनी। जप्त मसरूका 1. 13 नग डीजल मेन फ्यूल फिल्टर (कीमती ₹35750/-) 2. 12 नग प्रीफ्यूल फिल्टर एलिमेंट ( कीमती 9000) 3. 21 नग फ्यूल स्टीनर (कीमती ₹3612) 4. 02 नग फैन बेल्ट (कीमती ₹2500/-) 5. 05 नग डीजल टैंक कैप ( कीमती ₹11350) 6. 02 नग क्लच प्लेट (कीमती ₹16000/-) 7. 03 नग एयर फिल्टर (कीमती ₹1000 कुल संपत्ति की कीमत ₹79, 212/-रूपये। सराहनीय कार्य -: उप निरी दामिनी हेड़ाऊ , SI मनोज जंघेला,ASI बालकृष्ण टेकाम ,HC नितिन तुमराम, आर एजाज,विनोद,हेमेंद्र, चालक चंद्रदीप हिवारे।

## ग्रामवासियों ने सुनील बिसेन को दी विदाई



**हरिभूमि न्यूज सोनखार ।** शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया ग्राम पंचायत सोनखार के भोरगौदी ग्राम में सुनील बिसेन सेवा समाप्ति के अवसर पर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया आपके द्वारा विगत 21 वर्ष

## हत्या के प्रयास के दो आरोपी हुये गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं श्रीमती पूजा पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिवनी के कुशल मार्गदर्शन में गुंडा बदमाशो एवं चाकूबाजो पर निरंतर अंकुश लगाने के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जाती रही है। बीते 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि होने से पुलिस हर चौक चौराहों पर मुस्तैद थी उसी दौरान बारापत्थर क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना हुई। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये तुरंत मौके पर जाकर हमराह स्टाफ के घटना तस्दीक कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

विगत 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के दिन प्रार्थी सत्यम बघेल ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि पुस्तैनी जायजाद बेचने के वाद विवाद के चलते मनीष बघेल एंव उसके साथियो ने कार से आकर घायल को गाली गलौच कर चाकू से जानलेवा हमला किया गया था जिससे आवेदक को गंभीर व प्राणघातक चोट आई है। घटना उपरांत आरोपीगण मौके से फरार हो गये थे घटना को गंभीरता से लेते हुये आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के अथक प्रयासों के उपरांत घटना के मुख्य एवं सहयोगी आरोपीयो मनीष पिता राममिलन बघेल 29 वर्ष निवासी पी.डब्लु.डी. कालोनी सिवनी, सागर डोंगरे पिता राधेश्याम डोंगरे 24 वर्षनिवासी डूण्डासिवनी को रविवार 02 मार्च को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाकर जेल भेजा गया है। तो वहीं फरार आरोपी शुभ पटेल निवासी मंगलीपेठ सिवनी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू एवं एक कार मारूती सुजुकी फ्रांग्स जप्त की है। उल्लेखनीय है कि आरोपी मनीष बघेल पूर्व में अवैध रूप से स्नैक बिक्री एवं अन्य आपराधिक मामलो में गिरफ्तार हो चुका है साथ ही सागर डोंगरे के डुण्डासिवनी थाना क्षेत्र में भी आपराधिक मामले है चाकूबाजी करने वालो के विरूद्ध इसी तरह से स ती जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सतीश तिवारी, उ.नि. देवेन्द्र उइके, आरक्षक प्रतीक बघेल, इरफान खान एवं चीता स्टाफ का योगदान रहा।

### उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एवं मॉडल स्कूल लखनादौन में प्रवेश परीक्षा 9 मार्च को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एवं मॉडल स्कूल लखनादौन प्रवेश परीक्षा दिनांक रविवार 09 मार्च 2025 को होने जा रही है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेब साईड 222.द्वश्चह्यशह्य. ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर अपलोड कर दिये गये है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु परीक्षार्थी स्वयं या किसी भी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर पर जाकर म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेब साईड 222.द्वश्चह्यशह्य.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार सोमवार 03 मार्च को हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा 84 परीक्षा कन्द्रों में आयोजित हुई। जिसमें दर्ज 18084 परीक्षार्थियों में से 17630 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये एवं 454 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये तथा नकल प्रकरण निरंक पाया गया। जिला स्तर पर परीक्षाओं के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर निरीक्षण दलों का गठन किया गया है साथ ही मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशन में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित कर सभी गतिविधियों को मॉनिटर किया जा रहा है।

# पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन बनी सुपर फास्ट लेकिन समय की नहीं हो रही बचत

**पातालकोट एक्सप्रेस को सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दर्जा मिलने के बाद किराए में बढ़ोतरी कर दी गई है, लेकिन यात्रा में समय की कोई बड़ी बचत नहीं हो रही।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




जनरल बोगी में 15 रुपए, स्लीपर में 30 रुपए और एसी में 45-50 रुपए तक किराया बढ़ा दिया गया है, जिससे यात्री असंतुष्ट हैं।

सुपरफास्ट चार्ज से किराया महंगा रेलवे बोर्ड ने 1 मार्च से पातालकोट एक्सप्रेस को सुपरफास्ट एक्सप्रेस में अपग्रेड किया है। अब सिवनी से छिंदवाड़ा तक जनरल बोगी का किराया 40 रुपए से बढक़र 55 रुपए हो गया है। वहीं, सिवनी से भोपाल का स्लीपर किराया 250 से बढक़र 280 रुपए और एसी थर्ड का 685 से 730 रुपए हो गया है। नई समय-सारणी के अनुसार ट्रेन सिवनी से अब सुबह 8:20 बजे रवाना होगी और भोपाल 4:35 बजे पहुंचेगी, जो पहले 4:10 बजे पहुंचती थी। यानी यात्रा में सिर्फ 15 मिनट की ही बचत हो रही है, जिससे यात्री संतुष्ट नहीं हैं। दिल्ली पहुंचने में भी बस 10 मिनट का ही अंतर आया है।

### इंटरसिटी एक्सप्रेस की मांग

सिवनी-छिंदवाड़ा-भोपाल मार्ग पर रोजाना भारी संख्या में यात्री सफर करते हैं, लेकिन कोई तेज और सुगम ट्रेन नहीं है। यात्रियों का कहना है कि अगर इस रूट पर एक इंटरसिटी एक्सप्रेस शुरू की जाए तो यात्रा में समय और सुविधाओं की बचत होगी। अपग्रेड के बाद पातालकोट एक्सप्रेस का नया नंबर 20423 (सिवनी-फिरोजपुर) और 20424 (फिरोजपुर-सिवनी) कर दिया गया है। हालांकि, ट्रेनों के रनिंग स्टेटस दिखाने वाले ऐप अभी भी अपडेट नहीं हुए हैं, जिससे यात्री असमंजस में हैं।

**मुश्किल भरी राहें खत्म होंगी और गांव विकास की नई रोशनी देखेगा**

# उमरपानी और चरी गांव के आदिवासी का सपना होगा पूरा

## आजादी के 78 साल बाद मिली सड़क की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी में स्थित घंसौर विकासखंड के उमरपानी और चरी गांव के आदिवासी ग्रामीणों का सपना पूरा होने जा रहा है। आजादी के 78 साल बाद जंगल के बीच बसे इस गांव को पहली बार पक्की सडक़ की सौगात मिलने वाली। वन विभाग की अनुमति के बाद अब मुश्किल भरी राहें खत्म होंगी और गांव विकास की नई रोशनी देखेगा। गांव के लोगों के लिए सडक़ न होना सबसे बड़ी समस्या थी। बरसात में दलदल भरी राहें, गर्मी में उड़ती धूल और बीमार पडऩे पर खाट पर मरीजों को अस्पताल ले जाने की मजबूरी ने ग्रामीणों की जिंदगी मुश्किल बना दी थी। अब वन विभाग के



अधिकारियों रुचि पटेल और गोपाल सिंह की पहल पर चरी से उमरपानी तक दो किमी सडक़ बनाने की अनुमति मिल गई है। यह खबर मिलते ही ग्रामीणों में उत्साह की लहर दौड़ गई। गांव के सरपंच और स्थानीय प्रतिनिधियों ने जब सडक़ निर्माण की जानकारी दी तो लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उमरपानी गांव जंगलों के बीच बसा है, इसलिए अब तक सडक़ निर्माण में दिक्कतें आ रही थीं। बिना पक्की सडक़ के सरकारी योजनाओं का लाभ भी गांव तक नहीं पहुंच पा रहा था। अब जब निर्माण को हरी झंडी मिल गई है, तो आने वाले दिनों में गांव के विकास की तस्वीर बदल सकती है। वन परिक्षेत्र अधिकारी रुचि पटेल ने बताया कि अब सडक़ बनने के बाद ग्रामीणों को कोई परेशानी नहीं होगी। इस सडक़ से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं की पहुंच भी गांव तक हो सकेगी।



## किसान के मकान लगी आग घर की गृहस्थी जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के लखनादौन विकासखंड के सहसना गांव में सोमवार सुबह किसान सोहन मर्सकोले के मकान में आग लग गई। घटना के समय सोहन अपने खेत में काम करने गए हुए थे। आसपास के लोगों ने जब मकान से धुआं निकलते देखा तो तुरंत मकान मालिक और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही सोहन घर पहुंचे, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और दमकल को बुलाया गया।दुर्भाग्यवश, दमकल के पहुंचने से पहले ही घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। सोहन ने बताया कि उनके घर की सारी गृहस्थी जल गई। लखनादौन पुलिस के अलावा राजस्व विभाग की टीम भी जांच में जुट गई है। अधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि आग लगने का कारण क्या था और कितना नुकसान हुआ है।

# मोबिलाइजर चला रहा है किओस्क बैंक, ग्राहक सेवा केंद्रों से बढ़ी परेशानियां

**घंसौर, सिवनी।** शासन द्वारा आम नागरिकों की सुविधा हेतु जगह-जगह ग्राहक सेवा केंद्र( किओस्क बैंक) भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में खोले गए. किंतु देखने में आ रहा है कि घंसौर सहित आसपास के क्षेत्र में कियोस्क के संचालकों द्वारा खाताधारी उपभोक्ताओं से गलत व्यवहार किया जा रहा है ऐसा ही एक मामला पिछले दिनों देखने को मिला.ग्राम दुर्जनपुर जहां पर किओस्क बैंक संचालक संजय गिरी गोस्वामी. एवं भंजन गिरी गोस्वामी के द्वारा ग्राम के ही खाता धारक से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद किया गया. यहां पर आपको हम बता दें जब स्टेट बैंक से ग्राहक सेवा केंद्र संचालन हेतु आईडी की मांग की जाती है तब तमाम कागजातों के साथ बैंक प्रबंधन द्वारा एक संचालक एवं एक वेंडर बनाया जाता है एवं एक निश्चित लोकेशन के




अंतर्गत ही उन्हें अपना किओस्क बैंक संचालित करना होता है. इसके लिए बैंक प्रबंधन द्वारा खाता धारकों के लेनदेन पर कमीशन संचालक को प्राप्त होता है इसके बावजूद भी किओस्क बैंक संचालकों द्वारा पैसे निकालने के एवज में उपभोक्ताओं से अलग से पैसों की मांग की जाती है प्राप्त सूत्रों के अनुसार भंजन गिरी गोस्वामी जोकि ग्राम पंचायत बिजासेन में मोबिलाइजर के पद पर रहते हुए अधिकांश समय किओस्क बैंक दुर्जनपुर. या फिर घंसौर मे नजर आते हैं जबकि नियमों की अगर बात की जाए तो इन्हें ग्राम पंचायत बिजासेन में अवकाश को छोड़कर अपनी उपस्थिती देनी चाहिए जहां से प्रतिमाह सरकार द्वारा इनको निर्धारित वेतनमान दिया जा रहा है. कुल मिलाकर देखा जाए तो लंबे समय से सरकार को चूना लगाते हुए निर्धारित वेतन ले रहे हैं किंतु अपनी सेवाएं अपनी किओस्क बैंक. को दे रहे हैं.

### पैसों के लेनदेन को लेकर शिकायतकर्ता पहुंचा थाने

ग्राम दुर्जनपुर में दोनों भाइयों के द्वारा कि किओस्क बैंक का संचालन किया जा रहा है पहले भी इनके द्वारा उपभोक्ताओं के साथ पैसों की लेनदेन को लेकर विवाद. एवं धोखाधड़ी की शिकायतें बैंक प्रबंधन घंसौर को की जा चुकी हैं किंतु इसे दुर्भाग्य ही माना जाएगा की अधिकारियों के संरक्षण में उनके काले कारनामों को दवा दिया जाता रहा. पिछले दिनों ग्राम दुर्जनपुर के सुदर्शन सेन पिता घसीटा प्रसाद सेन के द्वारा पुलिस थाना घंसौर में शिकायती पत्र देकर किओस्क संचालक. संजय गिरी गोस्वामी. एवं भंजन गिरी गोस्वामी के ऊपर ठोस कार्रवाई की मांग की गई है क्या था पूरा मामला. प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सुदर्शन सेन द्वारा खाता क्रमांक 1154 6223935 से 18 00 रुपए निकाले गए.यहां पर आपको बता दें कि शिकायतकर्ता अनपढ़ है किंतु जैसे ही शिकायतकर्ता को जानकारी लगी कि उसके खाते से 3000.रुपए निकल चुके हैं जबकि की किओस्क संचालकों द्वारा मात्र 18 सो रुपए देकर भगा दिया गया. पुन : जब शिकायत करता अपने बाकी रुपए 1200 रुपए मांगने गया तो क्यों किओस्क संचालक द्वारा विवाद किया गया.साथ ही बोला गया कि जहां लगे वहां शिकायत कर दो. जब शिकायत करता निराश होकर 28/2/2025 को पुलिस थाना घंसौर पहुंचकर शिकायती पत्र देकर किओस्क संचालक के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की जिससे गांव में रहने वाले और अन्य लोगों के साथ किओस्क संचालक का गलत व्यवहार. एवं पैसों की की धोखाधड़ी ना हो सके.वैसे भी देखा जाए तो आए दिन क्यों किओस्क संचालकों के द्वारा जमकर पैसों का गवन किया जा रहा है. खाता धारकों के पैसे निकालने पर अलग से पैसों की मांग की जाती है. रविवार को अधिकांश किओस्क बैंक बंद रहती हैं जबकि नियमावली में स्पष्ट निर्देश हैं की समस्त की क्यों किओस्क बैंक संचालकों को को 11:00 से 5:00 तक खोलना अनिवार्य है जिससे आम उपभोक्ता पैसों का लेनदेन कर सकें क्योंकि रविवार को भारतीय स्टेट बैंक बंद रहती है किंतु यहां नियमों का पालन नहीं हो रहा है. साथ ही बैंक के अधिकारियों का संरक्षण इन किओस्क बैंक के संचालकों के हौसले बुलंद कर रहा है जो की खाता धारकों से विवाद का मुख्य मुद्दा है अति शीघ्र इस दिशा में बैंक प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी ध्यान देवें जिससे बैंक के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे।

## कुरई पुलिस ने पकड़ा गौवंश से भरा ट्रक,आरोपी फरार

कुरई पुलिस ने मवेशियों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें 20 बैल क्रूरता से भरे हुए थे। थाना प्रभारी कृपाल शाह तेकाम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुरई बस स्टैंड के पास नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी की। तस्करों ने ट्रक को डिवाइडर से चढ़ाकर फोरलेन के दूसरी तरफ ले जाने का प्रयास किया। वे गलत दिशा से भागने लगे। पुलिस ने दोनों तरफ जाम लगा दिया।तस्कर ट्रक को चालू हालत में छोडक़र अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भाग गए। जब पुलिस ने ट्रक की जांच की तो उसमें 20 बूढ़े और कमजोर बैल मिले। इनके सींग और पैर रस्सियों से बंधे थे। इनमें से 18 बैल वित थे, जबकि 2 बैलों की मौत हो चुकी थी।पुलिस ने वित बैलों को गौशाला में भेज दिया है। महाराष्ट्र नंबर (एमएच 31 सीबी 7987) के ट्रक को जब्त कर लिया गया है। फरार आरोपियों के खिलाफ गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कृपाल शाह तेकाम के साथ सहायक उपनिरीक्षक दुर्जनलाल सल्लाम और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं श्रीमती पूजा पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिवनी के कुशल मार्गदर्शन में मोटर साईकिल चोरी की कई घटनाओ का खुलासा किया जा चुका है इसी क्रम में एक और चोरी की मोटर साईकिल जप्त करने में कोतवाली पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है।घटना 01/10/2024 को प्रार्थी सीताराम सनोडिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नीलगिरी हनुमान मंदिर के पास से घर के सामने से दिनांक 30/09/24 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर साईकिल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 690/24 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना के आस पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरे एवं संदेही व्यक्तियों से पूछताछ की गई पूछताछ दौरान संदेही प्रजीत बिसेन से पूछताछ की गई जिसने मोटर साईकिल चुराना बताया। जो आरोपी से सी.व्ही. साईन मोटर साईकिल जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रेवती साहू, माता पूर्व टी. एस. नायक सत्यनारायण साहू, आर्मी नं. 15416409.L, निवासी सिवनी (म.प्र.), शपथपूर्वक कथन करती हूँ, कि मेरा नाम मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकार्ड में रेवती बाई (REVT BAI) और जन्मतिथि 01 जुलाई 1959 दर्ज है, जो कि दोनों ही गलत है। मेरा पूरा नाम रेवती साहू (REWATI SAHU) व जन्मतिथि 01 अक्टूबर 1954 है, जो कि सही है व मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, मेट्रिक मार्कशीट व अन्य दातावेजों में दर्ज है। आज के बाद से मेरा नाम रेवती साहू (REWATI SAHU) व जन्मतिथि 01 अक्टूबर 1954 से जाना पहचाना व लिखा पढ़ा जावे।

शपथकर्ता
रेवती साहू सिवनी (म.प्र.)

### शराब पीने से रोका तो युवकों ने दीं गालियां, कार्रवाई की मांग

## नशामुक्ति अभियान चला रही महिलाओं से बदसलूकी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट में नशामुक्ति अभियान चला रही महिलाओं के साथ दो युवकों ने बदसलूकी की। वार्ड 33 में पिछले चार महीनों से महिलाएं नशामुक्ति अभियान चला रही हैं।

2 मार्च की रात को महिलाओं ने दो युवकों को शराब पीने से रोका। इस पर युवक भड़क गए और महिलाओं से गाली-गलौज करने लगे। युवकों ने मारपीट की धमकी भी दी। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक नशे में महिलाओं को धमका रहे हैं और गालियां दे रहे हैं। वार्ड के पार्षद को भी अपशब्द कहे।

**महिलाओं ने की शिकायत**

शिकायत मिलने पर पुलिस ने युवकों को थाने ले आई। सोमवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन के साथ महिलाएं सीएसपी वैशालीसिंह कराहलिया से मिलीं। नशामुक्ति संगठन की सदस्य पूर्णिमा राउत ने बताया कि वे रात में वार्ड में गश्त करती हैं।

**युवकों पर कार्रवाई करने की मांग**

नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन ने युवकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रयास से वार्ड में सुधार आया है। वार्ड में जल्द ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी बेहतर की जाएगी। सीएसपी ने महिलाओं को सुरक्षा का आश्वासन दिया है और युवकों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### करीब आधा दर्जन संदेहियों से पूछताछ कर रहा वन विभाग

## बाघ की मौत के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



वन्य प्राणी बाघ की मौत के मामले में वन विभाग ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. जिसे सोमवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया. माननीय न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है. वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार ने शाम करीब साढ़े 06 बजे जानकारी देते हुए बताया कि कोड़मी निवासी करण पिता शिवाजी लाड़े उम्र 21 वर्ष को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया. जिसे जेल भेज दिया गया है. आरोपी के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 48, 49, 50, 51, 52 की कार्रवाई की है. बता दें कि वन परिक्षेत्र कटंगी के मुंदीवाड़ा वृत के कोड़मी बीट में जमुनिया जलाशय के डूब क्षेत्र में बेरसम की झाड़ियों के बीच वन्य प्राणी बाघ का शव मिला है. जिसके गले में तार का फंदा लटका हुआ था. चिकित्सकों ने अपने प्रारंभिक निष्कर्ष में भूख-प्यास की वजह से बाघ की मौत होने का अनुमान लगाया है. डीएफओ ने ने बाघ की मौत को गंभीरता से लेते हुए एक टीम का गठन किया है. जिसमें दो दिनों के भीतर इस पूरे मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया है. आरोपी ने वन विभाग को पूछताछ में कुछ और भी नाम बताएं है. वन विभाग ने पूरे मामले में करीब आधा दर्जन संदिग्धों से पूछताछ कर रहा है।

## कायदी ग्राम पंचायत में गड़बड़ी का आरोप

### सरपंच को हटाने उपसरपंच और 11 पंच भूख हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट में कायदी गांव के उपसरपंच धरम सिंह राजपूत और 11 पंच सोमवार से जिला पंचायत कार्यालय के सामने क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे।

उनकी मुख्य मांग है कि सरपंच रेखा जितेंद्र नगरगढ़े को पद से हटाया जाए। उपसरपंच का आरोप है कि सरपंच के पति पंचायत के कार्यों में अनुचित हस्तक्षेप करते हैं और पंचायत में कई अनियमितताएं हुई हैं। धर्मराज राजपूत ने बताया कि दो साल में उन्होंने प्रशासन को कई शिकायतें की हैं। उनका आरोप है कि पंचायत में बिना निर्माण कार्य ही मूल्यांकन कर दिया गया। एक और गंभीर मामले में जहां एक सीईओ ने सरपंच पर रिकवरी निकाली, वहीं दूसरे सीईओ ने उन्हें क्लीन चिट दे दी।

उपसरपंच के अनुसार, इन घटनाओं से सरपंच के हौसले बुलंद हैं और वह पंचायत के अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को गंभीरता से नहीं लेती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही ग्रामीण जनता भी इस आंदोलन में शामिल होगी।

### पीएम सम्मान निधि के लिए अनिवार्य होगी फॉर्मर आईडी

## करीब 3 लाख किसानों की आईडी हुई पूर्ण, 1 लाख किसानों को जोड़ने के लिए प्रयास युद्धस्तर पर जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

केंद्र और राज्य शासन द्वारा किसानों के सम्मान के लिए एक निश्चित राशि प्रदान की जाती है। यह राशि पीएम किसान सम्मान और सीएम किसान कल्याण के नाम से प्रदान की जाती है। लेकिन अब 20 मार्च तक किसानों की फॉर्मर आईडी या रजिस्ट्रेशन नही हुआ तो राशि मिलना मुमकिन नही होगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके तहत प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी दी जाएगी, जिससे उन्हें केसीसी ऋण और अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण करने के लिए युद्धस्तर पर कार्यवाई की जा रही है। मार्च 2025 के बाद पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य होगी। जिसके लिए जिले में अब तक 2 लाख 96 हजार हितग्राहियों की फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। जबकि लगभग 1 लाख किसानों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य अब भी शेष है। इस कार्य को 20 मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### 400 से अधिक प्रोजेक्ट व मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे कलेक्टर व जिपं सीईओ

**बालाघाट।** "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस" के अवसर पर 'विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन शहर के सीएम राइज़ शासकीय वीरांगना रानी दुर्गावती उच्च. माध्य. विद्यालय में किया गया। 29 दिसंबर 24 को मप्र के साइंस सर्किल द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं के जीव विज्ञान तथा गणित संकाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। साइंस सर्किल द्वारा आयोजित आंकलन परीक्षा का उद्देश्य शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को नीट व जेईई की परीक्षा के लिए विद्यार्थियों की तैयारी की जांच करना था। जिले के सभी विकासखंड में आयोजित इस परीक्षा में कुल 5818 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसके परीक्षा परिणाम की घोषणा पश्चात प्रत्येक कक्षा वर्ग के टॉप टेन विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर रैंक के आधार पर प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 10 हजार, द्वितीय को 5 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 2 हजार रुपये का चेक व प्रशस्ति-पत्र कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा प्रदान किये गए। साथ ही शिक्षकों को भी उनके द्वारा किये गये श्रेष्ठ योगदान के प्रति प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया।

## पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक



### एरियर्स भुगतान समेत केशलैस चिकित्सा सुविधा की मागं रखी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में सोमवार को पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनरों ने अपनी कई प्रमुख मांगों को रखा। इनमें केंद्र के समान महंगाई राहत का भुगतान शामिल है।

छठे वेतनमान का 32 महीने और सातवें वेतनमान का 27 महीने का एरियर्स भी मांगों में प्रमुख है। पेंशनरों ने 80 से 100 साल तक की आयु वालों को अतिरिक्त पेंशन की मांग की। साथ ही केशलैस चिकित्सा सुविधा की भी मांग रखी।

प्रदेश अध्यक्ष सक्सेना ने बताया कि पेंशनर्स वेलफेयर सोसाइटी ने कुछ समस्याओं को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने जिला पेंशन अधिकारियों के व्यवहार पर चिंता जताई। सक्सेना ने कहा कि शासन के सामान्य विभाग ने पेंशनरों के साथ मानवीय व्यवहार करने के आदेश जारी किए हैं।

### शिवमहापुराण में सहयोग के लिये मंदिर ट्रस्ट द्वारा सभी का आभार

**बालाघाट।** श्री शिव सांई मंदिर ट्रस्ट बालाघाट मंदिर परिसर प्रांगण में भगवान शिव की असीम कृपा व प्रेरणा से सम्पन्न नौ दिवसीय श्री शिवमहापुराण्र, रूद्री निर्माण व 21000 रूद्राक्ष से बने रूद्राक्षश्वेश्र महादेव के अभिमंत्रित रूद्राक्ष का शिवमहापुराण के बाद निःशुल्क वितरण के समापन पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य समय व सहयोग देने वाले सभी पक्षों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। साथ ही विशेषकर सभी महिला मण्डलों व मातृशक्ति श्रद्धालु भक्तों का जिन्होंने प्रतिदिन रूद्री निर्माण से लेकर कथा प्रवचन सुनकर भगवान शिव का भक्ति प्रसाद ग्रहण किया।संगीतमय शिव महापुराण व रूद्री निर्माण में कथा व्यास पं. परिणित कृष्ण दुबे द्वारा शिव महापुराण में वर्णित संदर्भो का सारगर्भित प्रवचन कर उपस्थित श्रद्धालुभक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### बैंक सीईओ आरसी पटले की सेवानिवृत्ति पर हुई भावभीनी विदाई

## बैंक सीइओ पटले का कार्यकाल रहा सराहनीय : कलेक्टर मीना



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरसी पटले के सेवानिवृत्ति के अवसर पर कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना ने कहा कि श्री पटले का कार्यकाल सराहनीय रहा जिसके चलते प्रदेश में जिले का नाम रोशन हुआ है। बैंकिंग क्षेत्र में बेहतर कार्य किये जाने को लेकर कलेक्टर श्री मीना ने प्रशंसा व्यक्त की। साथ ही कहा कि सेवानिवृत्ति स्वाभाविक प्रक्रिया है जो हर किसी के जीवन में एक बार आती है। उन्होंने कहा श्री पटले द्वारा उपार्जन में बेहतर कार्य किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आरसी पटले ने कहा कि कॉपरेटिव क्षेत्र में उनका अनुभव बेहतर रहा। हमें हमेशा अपने कर्तव्य पथ पर अग्रणी रहना चाहिए ताकि मूल उद्देश्य को लेकर कार्य किया जा सके। सहकारी बैंक के सीईओ के पद पर कार्य करते हुए बैंक को अच्छी स्थिति में लाने का पूरा प्रयास किया गया है जिसमें सफलता भी प्राप्त हुई है। यहां के अधिकारी और कर्मचारियों का हमेशा सहयोग प्राप्त होता रहा है जिसके परिणाम स्वरूप ही नाबार्ड द्वारा राज्य ऋण संगोष्ठी में सराहनीय प्रदर्शन पैक्स कम्प्यूटराईजेशन परियोजना में विशिष्ट योगदान, अपेक्स बैंक द्वारा सशक्त सहकारिता समृद्ध मध्यप्रदेश को लेकर अल्पकालीन कृषि ऋणों की वसूली सम्मान में द्वितीय पुरूस्कार, नाबार्ड द्वारा राज्य ऋण संगोष्ठी वर्ष 2023-24 में वित्तीय एवं डिजीटल साक्षरता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते प्रतीक चिन्ह से बालाघाट बैंक को सम्मानित किया गया। श्री पटले ने बताया कि सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव श्री उमाकांत उमराव द्वारा भारत सरकार की केन्द्र प्रायोजित पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजना में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट की प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के विभिन्न स्तर के कार्य को तत्परता व सफल क्रियान्वय के साथ संपादित कराये गये है। जो प्रदेश के अन्य जिलो के लिए अनुकरणीय व प्रशंसनीय होने के चलते पत्र प्रेषित किया गया, जो कि बालाघाट जिले के लिए गौरव का विषय है।

नगर मुख्यालय में 1 एवं 2 मार्च को आयोजित सेवानिवृत्ति बिदाई समारोह में श्रीमती भारती पारधी सांसद बालाघाट-सिवनी, गौरीशंकर बिसेन पूर्व केबिनेट मंत्री म.प्र. शासन, रामकिशोर कावरे पूर्व मंत्री मप्र शासन, राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता, श्रीमती लता पटले, वैभव पटले, शुभम् पटले, रविन्द्र वैद्य सी.ए., मनोहर लिल्हारे, वैदिक अगाल, मुकेश दुबे, उत्तम बिसेन, डॉ. के.एल. राउत, पी.जोशी प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.एल. यादव, राजेश नगपुरे, सारंग बिसेन, श्रीमती सीमा दुबे, धनेन्द्र कटरे, श्रीमती लता गौतम, रौनक चौकसे, आशीष मिश्रा, प्रकाश साहू, आई.आर. भगत, अजय वर्मा, राकेश असाटी, अमरेश परिहार तथा बालाघाट, जबलपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, बैतूल से पहुंचे कॉपरेटिव बैंक व सहकारिता विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, परिवारजन व अन्य सहभागी उपस्थित रहे।

## चाय दुकानदार कांच के गिलास में न देकर प्लास्टिक के डिस्पोजल में दे रहे

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर** । जनपद पंचायत ,बस स्टैंड, गुजरी चौक ,तहसील क्षेत्र में कांच की गिलास के स्थान पर प्रतिबंधित डिस्पोजल में चाय बेची जा रही है, चाय के शौकीन लोगों को चाय दुकानदार चाय के साथ धीमा जहर डिस्पोजल के माध्यम से परोस रहे हैं, इन दिनों चाय पीने पिलाने वालों की कमी नहीं है ,चाय पीने के शौकीन लोगों को यह पता नहीं कि जिस डिस्पोजल में चाय पी रहे है वह सेहत के लिए कितनी खतरनाक है विशेषज्ञों की माने तो डिस्पोजल में चाय पीना इतना खतरनाक है कि इसमें कैंसर जैसी घातक रोगों का शिकार हो सकते हैं, विशेषज्ञ डॉक्टर का कहना है कि डिस्पोजल गिलास में मौजूद मेट्रोसेमीन, बिस्फेनाल, और कई तरह के केमिकल पाए जाते हैं ,जो शरीर के लिए काफी हानिकारक है ,इसके माइक्रो प्लास्टिक सेल्स से शरीर के हारमोंस असंतुलित हो जाते हैं और फिर थकान एकाग्रता में कमी के साथ ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड जैसी बीमारियां का दौर शुरू हो जाता है, ये कण बहुत छोटे-छोटे होते हैं जो किसी भी तरह हमारे शरीर में जाते हैं इन सबके बाद अंत में व्यक्ति कैंसर से पीड़ित हो जाता है और उसके उसकी जान चली जाती है। गर्भवती महिलाओं और बच्चे बुजुर्गों को उनके नुकसान का खतरा अधिक होता है प्रत्येक चाय दुकान दार का डिस्पोजल में चाय बेचने का मुख्य कारण है डिस्पोजल का पैकेट रू10 का आता है जिस पर करीब 30 डिस्पोजल होते हैं जो चाय दुकानदार को सस्ते और सुविधा युक्त होते हैं वही चाय वही कांच की एक गिलास 8 से 10 रुपए में मिलती है जिसका उपयोग करते टूट-फूट हो जाया करती हैउसे दुकानदार को आर्थिक हानि होती है इसके अलावा डिस्पोजल में बेची जाने वाली चाय पांच रुपए यानी 10 में बेची जाती है वही गिलास में चाय देने से दुकानदार को रू5 का नुकसान होता है।

### शादी समारोह से लौट रहे चार युवक हादसे का शिकार

## डंपर-कार टकराए, दो दोस्तों की गई जान



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में गोंदिया रोड पर खारा और चिखला के बीच रविवार रात करीब 2 बजे डंपर और इको कार आपस में टकरा गए। हादसे में वीरेंद्र भोयर (23) और अमन उईके (22) की मौत हो गई। नवीन उईके (21) और राजकुमार पंद्रे (19) घायल हैं।

वीरेंद्र की बुआ के बेटे चैन लाल सहारे ने बताया कि चारों युवक टेलीफोन विभाग में केबल जॉइंट का काम करते थे। सभी इको से शादी समारोह में खारा गए थे। वापसी के दौरान डंपर ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। ग्रामीण थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 2016 में शहीद हुए 208 बटालियन के कमांडो सिपाही की 10वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 208 कोबरा बटालियन द्वारा 03 मार्च 2016 को जिला सुकमा (छत्तीसगढ़) के जंगलो में माओवादियों के विरुद्ध अभियान के दौरान इस वाहिनी के कमांडो सिपाही/जीडी फ़तेह सिंह कुडोपा, सिपाही/जीडी लाजू एन. एस और सिपाही/जीडी लक्ष्मण पूर्ति ने अपने साथियों के साथ माओवादियों द्वारा किये गये फायर का बहादुरी के साथ मुकाबला किया तथा अपने प्राणों की परवाह किये बिना माओवादियों पर घातक प्रहार किया। जिससे माओवादी पीछे हटने पर मजबूर हुए। इस कारवाई के दोरान गोली लगने के कारण हमारे दो कमांडो सिपाही/जीडी फ़तेह सिंह कुडोपा और सिपाही/जीडी लाजू एन. एस 03 मार्च 2016 को और 04 मार्च 2016 को एक कमांडो सिपाही/जीडी लक्ष्मण पूर्ति विरगति को प्राप्त हुए साथ ही 17 कमांडो घायल हुए। सिपाही/जीडी फ़तेह सिंह कुडोपा, सिपाही/जीडी लाजू एन.एस और सिपाही/जीडी लक्ष्मण पूर्ति द्वारा मुठभेड में दिखाये गए अदम्य साहस के लिए उन्हें राष्ट्रपति के वीरता पदक से सम्मानित किया गया। इनके अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान हमारे लिए हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। साथ ही तीनो वीर बलिदानियों की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 208 कोबरा के समस्त अधिकारी और कार्मिक आपको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके इस अदम्य साहस एवं सर्वोच्च बलिदान को हमारा देश एवं के०री०पु० बल हमेशा याद रखेगा।



### अनदेखीः प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व खनिज विभाग की बिना अनुमति ही चल रहे ईंट भट्टे

## किरनापुर क्षेत्र के ग्रामों में बिना अनुमति हो रहा ईंट भट्टे का संचालन

### शिकायत मिलने के बाद भी तहसीलदार ने नहीं की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज लांजी।



प्रशासनिक अनदेखी के चलते क्षेत्र में अवैध रूप से ईंट भट्टे संचालित हो रहे है। इन भट्टा संचालकों के पास न तो कोई लाइसेंस है और न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रमाण पत्र। इसके बावजूद भी ईंट भट्टों का कारोबार तेजी से बढ़ रहा हैं। वहीं इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार सूचित करने के बाद भी उनके द्वारा कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाये जाने से अवैध भट्टा संचालकों के हौसले बुलंद हो चुके है। वहीं उनके द्वारा कहा जाता है की शिकायत के बाद भी कोई हमारा बाल भी बांका नहीं कर सकता। जानकारी के अनुसार किरनापुर विकासखंड अंतर्गत आने वाले वनांचल ग्रामों में कई लोग अपने खेतों के अलावा शासकीय भूमि में ईंटों का उपयोग खुद लेने की आड़ में ईंटें बनाकर अन्य लोगों को बेच रहे है। ईट भट्टा संचालकों को खनिज विभाग से ईंट बनाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है। साथ ही पर्यावरण विभाग की भी अनुमति लेनी पड़ती है, लेकिन किरनापुर क्षेत्र में संचालित ईंट भट्टों में शासकीय नियमों के पालन की अनदेखी की जाती हैं। इससे खनिज विभाग को लाखों रुपए की क्षति हो रही है। प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से प्रतिवर्ष ईट भट्टों संचालकों की संख्या बढ़ती जा रही है। कई ठेकेदारों द्वारा एक जगह की अनुमति होने के बाद कई जगहों पर ईंट भट्टा संचालित किया जा रहा है।

**पीपलगांव-लोंढ़ांगी की जंगलों में दर्जनों अवैध भट्टेः** जानकारी अनुसार किरनापुर विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पीपलगांव के लोढ़ांगी चौकी के पीछे घने जंगलों की आड़ में भी अवैध ईट भट्टे का कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। जिसकी प्रशासन को भनक तक नहीं है। वहीं भट्टा संचालकों द्वारा खनिज विभाग से अनुमति की बात पूछने पर कहा जाता है की ऱ्ईट भट्टे के संचालन के लिये किसी प्रकार की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। यह कार्य वह वर्षो से करते आ रहे है परंतु आज तक किसी भी विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं की गई तो अब अनुमति की आवश्यकता क्यों पडऩे लगी।

**बंजर हो रहे खेत, शासकीय भूमि को भी नुकसानः** ईंट भट्टा संचालित होने के बाद बंजर हो जाता है खेत कई जगहों पर ईंट भट्टे के लिए बड़े-बड़े वृक्षों को काटा जाता है। इन अवैध ईंटों को पकाने के लिए अधिकांश जगहों पर अवैध कोयला खरीदी कर इसका उपयोग ऱ्ईट भट्टा संचालकों द्वारा किया जाता है। ईंट भट्टा संचालित होने के बाद खेत की जमीन बंजर हो जाती है जिसके बाद उस जमीन पर कोई फसल भी नहीं होती है। वहीं इनके द्वारा प्राकृतिक जल स्त्रोतो से भी बिना अनुमति व्यवसायिक उपयोग के पानी निकाला जा रहा है जो नियम विरूद्ध है।

**खनिज विभाग की सांठगांठः** भट्टा संचालकों द्वारा यह भी कहा जाता है की विभाग के अधिकारियों से लेन देन के बाद ही वे भट्टे का संचालन कर रहे है। जिसमें पटवारी, तहसीलदा से लेकर एसडीएम तक को चढ़ोत्तरी पहुंचा दी जाती है। वहीं खनिज विभाग के अधिकारियों को भी क्षेत्र में चल रहे भट्टों की पूर्ण जानकारी है। परंतु प्रशासन के राजस्व को नुकसान पहुंचाते हुए अधिकारियों द्वारा भी अवैध भट्टा मालिकों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जबकि इन अवैध भट्टा संचालकों द्वारा लाखों की मात्रा में ऱ्ईट बनाकर व्यवसाय किया जा रहा है।

**तहसीलदार को पूर्व में की जा चुकी है शिकायत :** विदित हो की इस मामले की पूर्व में किरनापुर तहसीलदार को जानकारी से अवगत कराया गया था जिन्होने जांच उपरांत कार्यवाही का आश्वासन दिया था परंतु रात गई बात गई की तर्ज पर कोई कार्यवाही न उनके द्वारा की गई न पटवारी को स्थल निरीक्षण के लिये भेजा जिससे अवैध भट्टा संचालको की मौज हो चुकी है।

### इनका कहना है

मेरे संज्ञान में मामला अभी आया है, अगर बड़े पैमाने पर अवैध ईंट भट्टे का संचालन किया जा रहा है तो जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

**कार्तिकेय जैसवाल,**
**एसडीएम, किरनापुर**